लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ

प्रेषक,	सेवा में,
सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण नवीन भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ संख्या : 422/सचिव/सी.टी.पी./24 दिनांक 13-12-2024	1. BDO India LLP 2. Cubastion Consulting Pvt. Ltd. 3. Deloitte Touche Tohmatsu India LLP 4. Ernst & Young LLP 5. KPMG Advisory Services Private Limited 6. Grant Thornton Bharat LLp 7. Pricewaterhouse Coorers Private Limited

विषय

भवन निर्माण एवं विकास उपविधि में संशोधन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि इलेक्ट्रिानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय ई–गवर्नेन्स प्रभाग में इम्पैनल्ड आपकी कम्पनी के माध्यम से भवन निर्माण एवं विकास उपविधि में संशोधन करने हेतु प्रभावी नियमों का परीक्षण तथा विभिन्न राज्यों में प्रचलित प्राविधानों के नियमों का परीक्षण कर संशोधित भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तैयार करने हेतु निम्नानुसार तकनीकी कर्मचारियों (Manpower) सहित कम्पनी की सेवाओं की आवश्यकता है:–

1. प्रोजेक्ट मैनेजर – 01
2. एसोसियेट कन्सल्टेन्ट/बिजनेश एनालिस्ट – 02
3. कन्सल्टेन्ट – 01

उपरोक्त कार्य हेतु स्कोप ऑफ वर्क (Skope of work) संलग्न करते हुए अनुरोध है कि दिनांक 26.12.2024 के अपरान्ह 3:00 बजे लखनऊ विकास प्राधिकरण के द्वितीय तल स्थित पारिजात सभागार में अपना प्रस्तुतीकरण करने का कष्ट करें, ताकि उपरोक्त कार्य हेतु आपकी सेवाएं लिये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया जा सके।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय

(विवेक श्रीवास्तव)
सचिव

प्रतिलिपि–

1. उपाध्यक्ष महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 तथा निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0, लखनऊ को आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त प्रस्तुतीकरण में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।
3. मुख्य वास्तुविद नियोजक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ को उक्त प्रस्तुतीकरण में प्रतिभाग करने हेतु प्रेषित।
4. मुख्य/वरिष्ठ नगर नियोजक, लखनऊ, गाजियाबाद एवं वाराणसी विकास प्राधिकरण को उक्त प्रस्तुतीकरण में प्रतिभाग करने हेतु प्रेषित।

(विवेक श्रीवास्तव)
सचिव

21/PRO
13/12/2024